भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5111
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

शिवागिरि पर्यटन परिपथ का कार्यान्वयन

†5111. एडवोकेट अदूर प्रकाशः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केरल में शिवगिरि पर्यटन परिपथ परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब की जानकारी है और क्या इस परियोजना को पूरा करने की लक्षित तिथि समाप्त हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) इस परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और आज की तारीख के अनुसार जारी और उपयोग की गई धनराशि और पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार बिना किसी विलंब के इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक उपाय करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ) जी हां, महोदय । पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 69.47 करोड़ रुपये की राशि से 'शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुवीपुरम-कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मण्यम-चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी । इस परियोजना को 24 महीने की अवधि के भीतर पूरा किया जाना था । यह परियोजना मई, 2020 में बंद कर दी गई थी और बाद में जून, 2020 में पुन: शुरू की गई थी । जुलाई, 2022 में यह परियोजना फिर से संशोधित की गई और इसकी राशि 66.42 करोड़ रुपये कर दी गई । कार्यान्वयन एजेंसी ने हितधारकों के साथ विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया और यह देरी मुख्य रूप से परियोजना संबंधी घटकों में बदलाव के कारण हो रही है ।

भौतिक प्रगति, जारी की गई राशि और कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग की गई राशि सहित परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**उपयोग की गई राशि (उपयोग प्रमाण पत्र के अनुसार)**	**भौतिक प्रगति प्रतिशत में**
शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुवीपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मण्यम- चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.43	15.57	8.81	52

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) इस परियोजना से संबंधित कार्यों का कार्यान्वयन कर रहा है । पर्यटन मंत्रालय इस परियोजना सहित स्वदेश दर्शन परियोजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करता है ।

*****